## खबर संक्षेप

### 70 औषधीय पौधों का किया गया रोपण

**कटनी।** दशम आयुर्वेद दिवस एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जिला आयुष कार्यालय कटनी परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कार्यालय स्थित हर्बल वाटिका में अश्वगंधा, गिलोय, करंज, पलाश, निर्गुण्डी, तुलसी, अर्जुन, गुडमार, भूमि आंवला, शतावर, आंवला, मुनगा, हरसिंगार सहित लगभग 70 औषधीय का रोपण किया गया। साथ ही जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने इन औषधीय पौधों के चिकित्सीय उपयोग के बारे में विस्तृत चर्चा भी की। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम मे जिले के चिकित्सक, पर्यवारणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव श्री निर्भय सिंह सहित किसान व समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

### किसानों की मदद के लिए 'फसल डायग्नोस्टिक दल'

**कटनी।** खरीफ और रबी फसलों में लगने वाले रोगों और कीटों की मॉनिटरिंग एवं किसानों को समय पर उचित सलाह देने के लिए उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, कटनी द्वारा 'फसल डायग्नोस्टिक दल' का गठन किया गया है। यह दल समय-समय पर जिले के अलग-अलग गांवों का भ्रमण कर फसलों का निरीक्षण करेगा और कीट व्याधि के आक्रमण की स्थिति में किसानों को इनके प्रबंधन एवं नियंत्रण के सही तरीके बतायेगा। इस दल में सहायक संचालक कृषि श्री मनीष कुमार मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी कृषि श्रीमती पूनम गर्ग, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. आर.पी. बैन एवं डॉ. के.पी. द्विवेदी सहित सभी विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को शामिल किया गया है।

### हितग्राही कर सकेंगे अपनी कला एवं व्यवसाय का प्रदर्शन

**कटनी।** नेशनल सफाई कर्मचारी फाईनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन न्यू दिल्ली द्वारा इंटरनेशनल आई.एन.ए. दिल्ली हाट, आई.आई.टी.एफ. प्रगति मैदान न्यू दिल्ली, सूरजकुण्ड, फरीदाबाद हरियाणा, पश्चिम हिमालयन में मेलों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओ में लाभान्वित अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राही इस मेले में अपनी कला, व्यवसाय का प्रदर्शन करने हेतु भाग ले सकते हैं। इसके लिए इच्छुक हितग्राही को स्वयं का आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, दो फोटो सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के रूम नं. 97 में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. कटनी के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि आयोजित मेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को योजना के नियमानुसार टीए, डीए एवं होटल मेंटनेश हेतु भत्ता प्रदान किया जावेगा।

### जिले में अब तक 1069.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से सोमवार 22 सितम्बर तक कुल 1069.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1429.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1062.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 0.6 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1134.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1429.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 966 मिलीमीटर, बरही तहसील में 944 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 927.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 942.1 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1203.6 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1001.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### नवरात्र के समय उमड़ती है भक्तों की भीड़, मंदिर के आसपास मनोहारी है प्राकृतिक छटा

# अद्वितीय है पाली में विराजीं 24 भुजाओं वाली विरासन माता, पौराणिक कथा में शक्ति एवं न्याय की प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिलौंडी क्षेत्र के पाली गांव में स्थित 24 भुजी विरासन माता का मंदिर, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में जाना जाता है। इस मंदिर की ख्याति केवल सिलौंडी ,ढीमरखेड़ा या कटनी जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु यहां दर्शन करने आते हैं।

विरासिन माता की 24 भुजी प्रतिमा अपनी अद्वितीयता और धार्मिक महत्व के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। यह मंदिर प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक शांति का संगम है, जो हर भक्त को एक अद्भुत अनुभूति प्रदान करता है। अधिकांश हिन्दू देवी-देवताओं की प्रतिमाओं में 2, 4, 6 या 8 भुजाएँ होती हैं, जैसे कि बिरसिंहपुर पाली के अष्टभुजी विरासिन माता और छत्तीसगढ़ के हरवाह में स्थित दो भुजी विरासिन माता। परंतु पाली गांव में विराजी यह प्रतिमा अद्भुत है, क्योंकि विरासिन माता की 24 भुजाएँ हैं। यह भक्तों के बीच देवी की सर्वशक्तिमान रूप का प्रतीक मानी जाती है। प्रत्येक भुजा में देवी के विभिन्न आयुध या प्रतीक होते हैं, जो विभिन्न शक्तियों का प्रतीक हैं। इस प्रकार की प्रतिमा दुर्लभ होती है और देवी के विशेष रूप को दर्शाती है।

#### मंदिर का धार्मिक महत्व

यह मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि एक ऐसा स्थान है जहां भक्त आकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन से माता की आराधना करता है, उसकी सभी इच्छाएँ पूर्ण होती हैं। माता की कृपा से अनेक भक्तों ने अपने जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्राप्त की है। मंदिर में प्रतिदिन भक्तों का आना-जाना लगा रहता है, और विशेष रूप से नवरात्रि के समय यहाँ का वातावरण भक्तिमय हो जाता है।

#### विरासिन माता के मंदिर का इतिहास और पौराणिक कथा

विरासिन माता से जुड़ी कई लोककथाएँ और पौराणिक कथाएँ हैं, जो इस मंदिर के महत्व को और बढ़ाती हैं। कहा जाता है कि माता विरासिन आदिशक्ति का एक रूप हैं, जिन्होंने अपने भक्तों की रक्षा के लिए अनेक रूप धारण किए हैं। यह भी मान्यता है कि जब असुरों ने पृथ्वी पर आतंक मचाया था, तब माता ने अपने 24 भुजाओं के साथ उन सभी असुरों का विनाश किया। हर भुजा में एक शस्त्र के साथ, माता ने समस्त बुराइयों को नष्ट कर धर्म की पुनर्स्थापना की। इस प्रकार



से यह मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शक्ति और न्याय का प्रतीक भी है।

#### मंदिर का स्थापत्य और निर्माण

मंदिर की स्थापत्य कला और निर्माण शैली भी इसे अन्य मंदिरों से अलग करती है। यह मंदिर पुरानी शैली में बना हुआ है, जो भारतीय मंदिर वास्तुकला की उत्कृष्टता को दर्शाता है। मंदिर की दीवारों और स्तंभों पर की गई नक्काशी बेहद सुंदर और प्रभावशाली है। हर कोने में कला का अद्भुत नमूना देखने को मिलता है। मंदिर परिसर में अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियाँ भी स्थापित हैं, जो मंदिर की धार्मिकता को और बढ़ाती हैं।

पाली गांव का यह मंदिर पहाड़ों और हरियाली से घिरा हुआ है, जो इसे प्राकृतिक रूप से भी आकर्षक बनाता है। मंदिर के आसपास के क्षेत्र में घने पेड़, शुद्ध हवा और शांत वातावरण, भक्तों को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराते हैं। यहां का वातावरण इतना शांत और स्वच्छ है कि यहां आकर व्यक्ति अपने सारे तनावों और चिंताओं को भूल जाता है। भक्त यहां घंटों बैठकर ध्यान और साधना करते हैं, और प्रकृति की गोद में ईश्वर की उपस्थिति का अनुभव करते हैं।

#### मंदिर की यात्रा और अनुष्ठान

हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यहाँ माता के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर में नियमित रूप से पूजा-अर्चना की जाती है, जिसमें विशेष रूप से माता का श्रृंगार और आरती होती है। श्रद्धालु यहाँ नारियल, चुनरी, फूल और प्रसाद अर्पित करते हैं। नवरात्रि के समय यहाँ विशेष अनुष्ठान होते हैं, जिसमें हजारों भक्त सम्मिलित होते हैं। मंदिर में की जाने वाली हवन और यज्ञ की अग्नि के साथ वातावरण अत्यंत पवित्र हो जाता है। साथ ही, यहाँ भक्तों के लिए विशेष भंडारे का भी आयोजन होता है, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।

# कॉलोनाइजर के विरूद्ध मामला दर्ज कराने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बिना अनुमति कृषि भूमि को आवासीय भूखंडों में बेचने पर कलेक्टर न्यायालय ने कार्रवाई करते हुए ग्राम कुठला निवासी जानकी साहू पति स्व. प्रकाश साहू के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया है। कलेक्टर ने यह आदेश एसडीएम कटनी एवं जिला पंजीयक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दिया है।

जानकी पर आरोप है कि उन्होंने सक्षम अनुमति के बिना कैलवारा खुर्द प.ह.नं. 5/21 रा.नि.मं. मझगवां तहसील कटनी स्थित खसरा नंबर 182 की अपनी 0.546 हेक्टेयर कृषि भूमि में से 6 भूखंडों को प्लॉट के रूप में बेच दिया। इस भूमि पर प्लाटिंग से संबंधित कोई भी आवश्यक विकास कार्य जैसे कि पक्की सड़कें, नालियां, या बिजली-पानी की व्यवस्था नहीं किया गया था।

अपने जवाब में जानकी साहू ने बताया कि उन्होंने अपने और अपने बच्चों के भरण-पोषण के लिए कुछ भूमि बेची थी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्लाटिंग के लिए सरकारी अनुमति लेना अनिवार्य होता है।

कलेक्टर ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के तहत अनुविभागीय अधिकारी कटनी को अनावेदक जानकी साहू के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराये जाने हेतु अधिकृत किया है। अवैध कॉलोनी निर्माण किया जाना प्रमाणित होने पर आगामी कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर न्यायालय के आदेश में यह भी कहा गया है कि तहसीलदार मुड़वारा-2 समस्त बटांकों में प्रबंधक व भूमि का विधिवत कब्जा भूमिस्वामी से प्राप्त कर प्रबंधक कलेक्टर की प्रविष्टि दर्ज करें। साथ ही कलेक्टर न्यायालय ने आवश्यक विकास कार्यों हेतु अनुमानित राशि का प्राक्कलन तैयार किये जाने हेतु दल का गठन भी किया गया है।

### नगर में आयोजित की जा रही स्वच्छता गतिविधियाँ

**कटनी।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नगर निगम द्वारा रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर आम जन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता के प्रयास किये जा रहे है। विशेष सफाई अभियान चलाया गया एवं जन जागरूकता के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर स्वच्छता की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया।

### 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के उमरियापान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

# 341 से अधिक महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर एवं डॉ बी.के.प्रसाद बीएमओ के मार्गदर्शन मे सोमवार को ब्लॉक ढीमरखेडा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान मे 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं किशोरियों के लिये विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय से महिला रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, मनोरोग चिकित्सक



एवं ब्लड यूनिट टीम की भी उपस्थिति रही।

इस शिविर मे 341 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमे 71 लोगो के ब्लड की जांच की गयी एवं डॉ. अजय सोनी, विजय दुबे, शशांक चौरसिया, देवेन्द्र गौतम एवं आशीष चौरसिया सहित 12 लोगो ने ब्लड डोनेट किया।

शिविर मे गर्भवती महिलाओ की जॉच, टी.बी जॉच, किशोरियो की हीमोग्लोबिन जांच, हायपरटेन्शन एवं सुगर की जांच एवं टीकाकरण के साथ कुष्ठ आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनायी गयी। साथ ही निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई।

इस शिविर मे डॉ अजय सोनी, डॉ. सुनील आस्के, डॉ विकास सिसोदिया, डॉ वर्षा तुमकाम, राजेश सिह, संजय द्विवेद्वी, रजनीश विश्वकर्मा, मनोज पसारे, अशोक इंदौरिया, सोने लाल चक्रवर्ती, अनामिका मेहरा, आराधना डेविड, पूर्णिमा गोटिया, सुरक्षा कोरी, दामिनी चौरसिया एवं समस्त स्वास्थ्य एवं मैदानी अमले की उपस्थिति रही।

### जालपा मंदिर पहुंचकर लिया आशीर्वाद



नवरात्रि के पवन अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार आई ए एस द्वारा जालपा मंदिर पहुंचकर मां जालपा की पूजा अर्चन कर माता का आशीर्वाद लिया तथा नगर वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पहुंच मार्गों में नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा पुरवार आइस फैक्ट्री के पास अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, समाजसेवी संजय तिवारी सहित स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, उपयंत्री मोना करेरा मौजूद रहे।

# कलश शोभायात्रा के साथ देवी भागवत नवाहयज्ञ शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर में सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ देवी भागवत नवाहयज्ञ शुरू हुआ। भव्य कलश शोभायात्रा सिंहवाहिनी मंदिर से ढ़ोल नगाड़ो व आतिशबाजी की धुन पर शुरू हुई। कलश शोभायात्रा हरिदास मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर,चंडी माई, बड़ी माई मंदिर से होते हुए नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल सिंहवाहिनी मंदिर पहुंची जहाँ वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ देवी भागवत नवाहयज्ञ शुरू हुआ साथ ही देवी कथा शुरू हुई। कथा का वाचन पंडित दिलीप



पौराणिक के मुखारविंद से किया जा रहा है। महिला मंडल सदस्यों नें बताया कि नौ दिनों तक विश्व कल्याण की कामना को लेकर देवी भागवत नवाहयज्ञ हो रहा है। सभी धर्म प्रिय जनों से मंदिर पहुंचकर धर्मलाभ लेने अपील की गई है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,केशव दुबे, बृजेश दुबे, जयदीप त्रिपाठी, गणेश त्रिपाठी, अनुराग मिश्रा, सविनय तिवारी, नितिन अग्रहरी,राकेश साहू, गिरानी यादव,नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत तिलक कॉलेज परिसर में की गई साफ-सफाई

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत कॉलेज परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु साफ-सफाई की गई। साथ ही प्लास्टिक को इकट्ठा करते हुये लोगों को समझाइए दी गई की प्लास्टिक के उपयोग से हमारा पर्यावरण क्षतिग्रस्त होता है।

### वैश्विक स्वर्ण खनन मानचित्र पर उभरा कटनी जिला

# इमलिया में शीघ्र होगा स्वर्ण खनन कार्य कलेक्टर एवं कंपनी के बीच लीज एग्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी जिले ने खनन क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। जिले के स्लीमनाबाद के इमलिया गोल्ड ब्लॉक की माइनिंग से जल्दी ही स्वर्ण खनन का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए सोमवार 22 सितंबर को पवित्र शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन कलेक्टर श्री आशीष तिवारी और मुंबई की खनि पट्टा धारक कंपनी प्रोस्पेक्ट रिसोर्स मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नरीमन प्वांइट मुंबई के कंपनी डायरेक्टर अविनाश लांडगे के बीच गोल्ड ब्लॉक की माइनिंग लीज का एग्रीमेंट हुआ। इसके साथ ही मध्यप्रदेश का कटनी जिला अब सीधे वैश्विक स्वर्ण खनन मानचित्र पर प्रतिष्ठित हो गया है।



कलेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से नीलामी में मुंबई की प्रास्पेक्ट रिसोर्स मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 50 वर्ष की अवधि के लिए स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम इमलिया में 6.510 हेक्टेयर क्षेत्र का खनि पट्टा प्रदान किया गया है।

#### 14 लाख टन मिनरल ओर

उपसंचालक माइनिंग रत्नेश दीक्षित ने बताया कि कटनी जिले में नये खनिज स्त्रोतों के रूप में स्वर्ण (सोना) की खदान में सोने के साथ-साथ बेसमेटल, चांदी, जिंक, लेड (सीसा) और कॉपर भी निकलेगा। जल्दी ही कंपनी इमलिया से सोना निकालने के लिये यहां अपना पूरा मशीनरी सिस्टम स्टाल कर लेगी। भूगर्भशास्त्रियों के प्राथमिक अन्वेषण रिपोर्ट में इमलिया गोल्ड माइन में करीब 14 लाख टन मिनरल ओर मिलना संभावित है। जिससे अलग-अलग ग्रेड और मात्रा में सांद्रण उपरांत धातु निष्कर्षण होगा।

स्लीमनाबाद के इमलिया गोल्ड माइंस से उत्खनन कार्य शुरू होने के बाद यहां स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही जिले में क्षेत्रीय स्तर पर अतिरिक्त राजस्व आय की प्राप्ति होगी। इससे जिले और समूचे क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। पूरे देश में अभी तक केवल कर्नाटक से ही गोल्ड की माइनिंग हो रही थी। लेकिन अब मध्यप्रदेश में भी सोने का खनन शुरू होगा।

कटनी खनिज संपदा से समृद्ध जिला है। यहां चूना, बाक्साइट, लाइमस्टोन व क्रिटिकल मिनरल्स बहुतायत में उपलब्ध है।

### पंडालों में मातारानी की प्रतिमाओं की स्थापना, मंदिरों में बोये गए जवारे

# देवी मंदिरों में पूजन-अर्चन एवं जलार्पण के लिए अलसुबह से लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी /स्लीमनाबाद

आदिशक्ति मां भवानी की आराधना, उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र के पहले दिन ही मातारानी के दर्शन, जलार्पण एवं पूजा करने मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शहर व उपनगरीय क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शहर में सिद्धपीठ मां जालपा मढ़िया में सुबह से माता को जल चढ़ाने श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से दोपहर तक पूजन अर्चन का सिलसिला चलता रहा। नवरात्र पर्व को लेकर मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा भी की गई है।

स्लीमनाबाद के दुर्गा मंदिरों और हनुमानजी व श्रीराम मंदिरों में घट स्थापना के साथ दुर्गा शप्तशती और रामचरित मानस के पाठ शुरू हुए। अब पूरे नौ दिन माता की आराधना होगी।शारदेय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। अलसुबह से ही





देवी मंदिरों मैं भक्तो का तांता लग गया।मातारानी को जल अर्पित कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। स्लीमनाबाद स्थित शारदा मंदिर,बडी माई,खेर माई, चंडी मंदिर मे घट स्थापना हुई। इसके बाद मंदिर के पट भक्तो के लिए खोले गए। देवी मंदिर माता के जयकारों के साथ जय मातादी,जय दुर्गे,जय अम्बे रानी के जयकारों से गूंज उठा। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना की गई। घट स्थापना के साथ ही माता के दर्शन के लिए पट खुले।

पंडित दिलीप पौराणिक के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ही अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित कर घट स्थापना की गई। भक्त माता के दर्शनों के लिए पहुंचे।पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि नवरात्र में पहले दिन शैलपुत्री के रूप में माता की पूजा की गई। 9 दिनो तक ब्रह्मचारिणी, चन्द्र घण्टा, कूष्माण्डेति स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्री, महागौरी व सिद्धीदात्री नवदुर्गा के रूप में पूजा की जाएगी। नौ दिनों तक सप्तशती के पाठ होंगे। नवमी तिथि पर 1 अक्टूबर को माँ सिध्दिदात्री की पूजा अर्चना कर महानवमी पर्व मनाया जाएगा।2 अक्टूबर को दशमी तिथि पर दशहरा पर्व मना कर मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित किया किया जायेगा । देर शाम सभी देवी मंदिरों मैं ज्वारे कलश स्थापित किये गए।साथ ही मन्नत कलश भी स्थापित किये गए। शारदेय नवरात्र के पहले दिन सोमवार को सुबह से लेकर देर शाम तक देवी प्रतिमाओं को विराजित करने का क्रम चला। मंत्रोच्चारण के बीच देवी प्रतिमाओं को विराजित किया गया।

# अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरूद्ध चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सड़क सुरक्षा को अधिक सुदृढ़ बनाने और मोटरयान अधिनियम का पालन सुनिश्चित करने के लिये परिवहन विभाग आगामी 2 सप्ताह तक वाहनों की चेकिंग के लिये एक विशेष अभियान चलाएगा। इसमें मुख्य रूप से अग्निश्मन सिस्टम न लगे होने, वाहन में फस्टटेड किट उपलब्ध न होने, रेट्रो रिफलेक्टिव नहीं लगे होने पर संबंधित वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। साथ ही यात्री बसों द्वारा ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट लेकर स्टेज कैरिज के रूप में संचालन करने की प्राप्त हो रही शिकायतों के संबंध में जांच की जायेगी। दोषी यात्री बसों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। अभियान के दौरान मध्यप्रदेश मोटरयान कर जमा न करने वाले वाहनों के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई होगी।

सड़क सुरक्षा की दृष्टि से मोटरयान एक्ट एवं नियमों के अन्य प्रावधानों जैसे ओव्हर लोडिंग, ओव्हर स्पीडिंग, निर्धारित पात्रता से अधिक यात्री ढ़ोने आदि अपराधों के संबंध में भी अभियान में सख्त कार्रवाई की जायेगी। विशेष अभियान के दौरान स्कूल बसों की चेकिंग पर भी विशेष ध्यान दिये जाने तथा नियम विरूद्ध संचालन करने वाले वाहन चालकों के लायसेंस निलंबन की नियमानुसार कार्रवाई करने के लिये कहा है। अभियान के दौरान वाहन पोर्टल पर वाहन स्वामियों के मोबाइल नम्बर अपडेट करने तथा पोर्टल पर वाहनों के डुप्लीकेट डेटा हटाये जाने की भी कार्यवाही करने के आदेश दिये हैं।

## खबर संक्षेप

### अचानक लापता हुई छात्रा, पुलिस ने सिहोरा से किया दस्तयाब

**कटनी**। घर से स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा अचानक लापता हो गई। परिजनों ने उमरियापान थाना पहुंचकर इसकी जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तलाश शुरू की और 48 घंटे के छात्रा को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। उमरिया पान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि 19 सितंबर को फरियादी ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 16 वर्षिय पुत्री घर से स्कूल के लिये निकली थी जो शाम तक घर वापस नहीं आयी। रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन मे थाना उमरियापान पुलिस के द्वारा गुमशुदा बालिका की तलाश के लिए टीम तैयार कर बालिका की तलाश शुरू की गई। बालिका के सिहोरा में होने की सूचना प्राप्त हुई। परिजनों के साथ दस्तयाब कर बालिका को सुपूर्द किया गया।

### सिलौंडी चौकी में शांति समिती की हुई बैठक



**सिलौंडी**। सिलौंडी चौकी में नवरात्र पर्व में शांति व्यवस्था और दशहरा के दिन चल समारोह की व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक हुई । नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे,थाना प्रभारी अभिषेक चोबे ,चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल, सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी पंकज राय ,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय , कछार गांव बड़ा सरपंच कैलाश चंद्र जैन , दशरमन सरपंच सीमा भरत शुक्ला , अतसुमा सरपंच सुशील परस्ते,मंडल उपाध्यक्ष अमित राय , विजय राय ,मोटी काछी ,गणेश राय ,सुरेश चक्रवर्ती , संतोष बर्मन,नरेंद्र उपाध्याय आदि की उपस्थिति रही।

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निकाली रैली, किया श्रमदान

**उमरियापान**। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा के एनएसएस स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने महाविद्यालय से पोंडी कला बी तक रैली निकाली। ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। पोंडी स्थित तालाब व समीपस्थ आसमानी माता मंदिर के आस-पास श्रमदान करते हुए फैले कचरे को साफ किया। गांव के मुख्य मार्ग से मंदिर तक जाने वाले रास्ते को भी साफ कर चूना से रेखांकित किया।कच्ची सड़क पर मिट्टी डाल रहे श्रमिकों के साथ मिलकर सड़क पर मिट्टी डालकर श्रमदान किया। इस मौके पर प्राचार्य बृजलाल अहिरवार, कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार नागवंशी, क्रीड़ाधिकारी डॉ. सचिन कोष्टा, डॉ. हर्षित द्विवेदी, युवराज तिवारी, सहित स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

### आंगनवाड़ी केंद्र में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



**उमरियापान**। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत उमरियापान आंगनवाड़ी केंद्र में विभिन्न रोचक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को पोषण के महत्व से अवगत कराने के लिए स्टोरी टेलिंग एवं पपेट शो कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहानियों और कठपुतली नाटक के माध्यम से संतुलित आहार, हरी सब्जियों, दालों एवं फलों के सेवन से मिलने वाले पोषण की जानकारी बच्चों को दी।इस मौके पर मीरा, सागर,गौरी,नंदिनी,तनवीर ओवैस सहित अन्य बच्चों द्वारा कहानियाँ सुनाई गई। इस दौरान सुपरवाइजर मंजू मिश्रा,आगनवाड़ी कार्यकर्ता भारती चौरसिया, सुभद्रा चौरसिया व महिलाओं की उपस्थिति रही।

## निगमायुक्त ने विभिन्न विकास कार्यो का किया निरीक्षण, सीवर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की दी हिदायत

# पदभार संभालते ही एक्शन में आईं निगम आयुक्त, निर्माण कार्यों की धीमी चाल पर जताई नाराजगी, नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अमृत योजना के तहत नगर के तीन स्थलों कुम्हार मोहल्ला, कटाएघाट दुगाडी नाला एवं कुठला में निर्माणाधीन सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार आईएएस द्वारा सोमवार प्रातः निरीक्षण कर डाइंग डिजाइन से स्थल पर कराए गए कार्यो का जायजा लेते हुए कार्य की धीमी प्रगति पर गहन नाराजगी व्यक्त कर निर्माण कार्यो में तेजी लाने की सख्त हिदायत दी।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, उपयंत्री अश्वनी पांडेय एवं मृदुल श्रीवास्तव पीडीएमसी के ए.आर.ई सौरभ माहेश्वरी, फील्ड इंजीनियर फरमान हसन तथा आदर्श गौतम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा स्थल पर कराये जा रहे कार्यो का अवलोकन करते हुए पानी फिल्टर होने की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों, टेस्टिंग लैब, केमिस्ट एवं प्लांट के संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई।





निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा स्थल पर चल रहे प्राइमरी ट्रीटमेंट यूनिट, मेन पंपिंग स्टेशन, एस.व्ही आर, सी.सी.टी एवं एडमिन बिल्डिंग के चल रहे निर्माण कार्यो के निरीक्षण के दौरान कार्य में कम प्रगति पाए जाने पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए पीडीएमसी आर.बी.एसोसिएटस तथा ठेकेदार जयंती सुपर कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त नें कार्य में तेजी लाने तथा टारगेट डिसाइड करना तथा दिसंबर 2025 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार नें स्थल पर्यवेक्षण कराये जा रहे कार्यो पर नियमित पर्यवेक्षण नहीं किये जाने पर पी.डी.एम.सी कंपनी के प्रतिनिधि के कार्यो के प्रति गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए अब तक कराए गए निर्माण कार्यो, उनके पूर्ण होनें की निर्धारित समय सीमा, शेष कार्यो को पूर्ण किये जाने की विस्तृत जानकारी का टाइमलाइन चार्ट सोमवार शाम तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त नें स्थल पर कार्य के दौरान कार्य रही लेबर तथा उपयोग की जाने वाली मशीनरी का भी इन चार्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा दुगाडी नाला एवं कुठला स्थित एस.टी.पी प्लांट में विभिन्न कंपार्टमेंट में कराये गए कार्यो की प्रगति का जायजा लेते हुए कार्य पूर्ण करने की समय सीमा तथा कार्य के दौरान आ रही परेशानियों की जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान स्थल पर कम लेबर पाए जानें जानें पर अप्रसन्नता व्यक्त की जाकर लेबर संख्या बढ़ाते हुए एक सप्ताह में कार्य में प्रगति लाने तथा उपयंत्रियों को रोजाना कार्य की प्रगति की रिपोर्टिंग करने की हिदायत दी।

### रेस्टोरेशन कार्य में लाए तेजी

औधोगिक क्षेत्र बरगवां में चल रहे रेस्टोरेशन कार्य का निगमायुक्त द्वारा पैदल निरीक्षण करते हुए व्यापारियों एवं नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कटाएघाट सुरम्य पार्क पहुंच मार्ग के दोनों ओर की झाडियों की समुचित सफाई करानें के निर्देश भी निगमायुक्त सुश्री परिहार नें उपस्थित अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा निरीक्षण के दौरान कटाएघाट सुरम्य पार्क का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त द्वारा सेल्फी प्वाइंट, झरना, झूले, स्वीमिंग पूल, मिनी ट्रेन, वोटिंग, रेस्ट हाउस आदि स्थलों का जायजा लेकर समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण किया।

### अतिरिक्त मशीनरी लगाकर शीघ्र पूर्ण करें सीवरेज का कार्य

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा निरीक्षण के दौरान बरगवां रोड पर सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत डन कॉलोनी से कटाएघाट मोड़ तक मार्ग के एक ओर चल रहे पाईपलाईन के कार्य का निरीक्षण कर नागरिकों के आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पोकलेन मशीन तथा मेनपावर लगाकर कार्य को शीघ्र पूर्ण करनें के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## निगमायुक्त ने अधिकारी कर्मचारियों को सौंपे कार्य दायित्व

# नवरात्रि, जवारा विसर्जन एवं दशहरा पर्व पर निगम प्रशासन करेगा विशेष व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नवरात्रि, जवारा विसर्जन एवं दशहरा पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराने हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार आईएएस ने एक आदेश जारी कर अधिकारी कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे हैं।

### कोताही नहीं बरतें

इस वर्ष शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से प्रारंभ हो चुका है,इस अवसर पर शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न किए जायेंगे जिसको दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सुश्री परिहार ने निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं हेतु निगम के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदिर स्थलों के आसपास एवं पहुंच मार्ग में समुचित प्रकाश व्यवस्था कराये जानें तथा मंदिर पहुंच मार्गो, जवारा विसर्जन घाट के विद्युत पोल्स के बंद पडे प्वाइंटों को चालू कराकर अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

### प्राथमिकता से करें कार्य

वहीं सभी देवी मंदिर के पहुँच मार्ग,जवारा मार्ग,मुख्य मार्गों में सुलभ आवागमन हेतु प्राथमिकता अनुसार गड्ढों की मरम्मत,नालियों का सुधार कार्य,प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु कृत्रिम जलकुंड बनाये जाने हेतु स्थान चिन्हित करते हुए पर्याप्त वाहन उपलब्धता सहित प्रतिबंधित क्षेत्रों घाटों में बेरीकेडिंग आदि आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री ,सहायक यंत्री सहित विभागीय उपयंत्रियों को दायित्व सौंपे है।

### आवारा मवेशियों को पकड़े

नवरात्रि पर्व पर सभी देवी मंदिरों पहुंच मार्गो, जवारा विसर्जन मार्ग, जुलूस मार्ग एवं माँ दुर्गा प्रतिमा पंडालों के आसपास दोनों पालियों में सफाई, कीटनाशक दवा का छिड़काव,चूने की लाइनिंग के साथ-साथ जालपा मंदिर एवं अन्य देवी मंदिर के आस पास आवारा मवेशियों, सूअरों एवं स्वानों पर समुचित नियंत्रण की कार्यवाही करने हेतु कर्मियों को तैनात कर अभियान के रूप में आवारा जानवरों को पकड़वाने की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है इसके साथ ही जवारा विसर्जन के दौरान सभी घाटों की भी विशेष साफ सफाई, चूने की लाइनिंग इत्यादि के साथ विसर्जन कुंडों में विसर्जित प्रतिमाओं व सामग्री को बाहर निकालने हेतु नामजद पर्याप्त सफाई मित्र एवं प्रभारी नियुक्त करने हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ,क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक सहित अन्य कर्मियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

## सुरक्षा व्यवस्था बनाएं रखने समिति सदस्यों से सहयोग की अपील



शारदेय नवरात्रि को मद्देनजर यातायात पुलिस शहर में सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के लिए चौक चौबंद व्यवस्था करने के लिए तैयारी कर रही है यातायात प्रभारी द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों में बने देवी पंडालों की समिति से समन्वय कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस की मदद करने की अपील की साथ ही प्रत्येक समिति से 05– 05 सदस्य वालेंटियर के रूप में नामांकित कर उनकी सूची प्रदाय करने की भी अपील की गई जिससे शहर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक वार्डन के रूप में उनका सहयोग लिया जा सके । यातायात पुलिस द्वारा कटनी शहर के सबसे प्राचीन एवं प्रसिद्ध जालपा देवी मंदिर के श्रद्धालुओं की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए चांडक चौक से घंटा घर मार्ग में नवरात्र पर्व तक प्रात: 04 :00 बजे से रात्रि 12 :00 बजे तक उक्त मार्ग में बसों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के लिए बस एसोसियेशन को पत्राचार भी किया गया है एवं सहयोग की अपेक्षा की गई ।

# निगमायुक्त तपस्या परिहार को जिला पंचायत सीईओ का सौंपा गया प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार को पूर्वान्ह में नगर पालिक निगम कटनी की आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी के पद पर पदभार ग्रहण कर लिया है। मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के 15 सितंबर 2025 के जारी आदेश के अनुक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पंचायत के निवर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत की नवीन पदस्थापना अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के पद पर किए जाने के फलस्वरूप सुश्री तपस्या परिहार को नगर पालिक निगम कटनी को अपने कार्य के साथ-साथ आगामी आदेश पर्यंत तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी का प्रभार सौंपा है। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राज्य शासन द्वारा नवीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी के पद पर पदस्थापना / उपस्थिति दिए जाने की अवधि तक उक्त प्रभार सुश्री तपस्या परिहार नगर निगम आयुक्त को सौंपा गया है।

आपको बता दें कि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा 15 सितंबर 2025 को जारी आदेश के अनुसार सुश्री तपस्या परिहार का स्थानांतरण सीईओ जिला पंचायत छतरपुर से आयुक्त नगर पालिक निगम, कटनी एवं जिला पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत का स्थानांतरण अपर आयुक्त,नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल किया गया है।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री परिहार ने 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार होने वाली गतिविधियों, आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आई गॉट प्रोसेस की पूर्णता सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में प्रगति लाने हेतु तत्परता पूर्वक आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। तपस्या परिहार द्वारा जिला पंचायत का पदभार ग्रहण करने के उपरांत कार्यालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों ने जिला पंचायत की नवागत सीईओ को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

## तेवरी में रामलीला का हो रहा मंचन, देखने लग रही लोगों की भीड़

# भगवान श्रीराम ने तोड़ा शिवधनुष, सीता ने पहनाई जयमाला, निकाली गई बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ग्राम पंचायत तेवरी में स्थानीय श्रीकृष्ण एवं नाट्य मंडली समिति तेवरी के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रविवार को रामलीला मंचन में श्रीराम -जानकी विवाह मंचन हुआ। राजा जनक ने सीता के विवाह के लिए प्रण रखा कि जो भी शिव धनुष को भंग करेगा उसी के साथ सीता का विवाह होगा। इसके लिए देश देशांतर आमंत्रण पत्र भेजा गया। बड़े बड़े राजा-महाराजा जनकपुर आये हुए थे ।सभी राजाओं ने शिव धनुष को उठाने भरपूर जोर लगाए लेकिन उठना तो दूर शिव धनुष हिल तक नही पाया।तब राजा जनक को पश्चताप हुआ। तब विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम उठे व शिव धनुष को भंग कर दिया। शिव धनुष टूटते ही सभी राजा अचंभित रह गए। शिव धनुष टूटने के बाद सीता ने भगवान श्रीराम को जयमाला पहनाई।



शिव धनुष टूटते ही परशुराम जनकपुर पहुँचे जहां परशुराम लक्ष्मण संवाद हुआ। लक्ष्मण ओर परशुराम के बीच लंबे समय तक संवाद चला। अंत मे भगवान श्रीराम आगे आये व कहा कि यह शिव धनुष मुनिराज हमने थोड़ा है जो दंड देना हो हमे दे । अंत मे परशुराम ने भगवान श्रीराम को पहचान लिया व शीश झुकाया।फिर अवधपुरी विवाह का आमंत्रण भेजा गया। जहां अवधपुरी से बारात जनकपुर आई। जहां विधि विधान से श्रीराम जानकी विवाह संपन्न कराया। यह समारोह रात आठ बजे से बारह बजे तक चला। विवाह जिस तरह कराया गया लोगों में अपार खुशी दिखाई दी। इस मौके पर कोई गीत मंगल गा रहा था तो कोई नृत्य कर रहा था, समारोह देखते ही बन रहा था।

विवाह से पूर्व भगवान श्रीराम बाटिका में पुष्प तोडऩे जाते हैं, उसका वर्णन गीतों के माध्यम से किया गया। उसके बाद श्रीराम घोड़े पर सवार होकर आए और राजा जनक के दरवाजे पर उनकी अगवानी की गई। श्रीराम मंचासीन हुए। उसके माता जानकी को लाया गया। चारों तरफ से राम राजा व माता जानकी की जय जयकार गूंज रही थी, श्रद्धालु पुष्पा वर्षा कर रहे थे। मंत्रोच्चारण के साथ विवाह की पूरी रस्म कराई। जनक के रूप में प्रेमदास गोयल व उनकी पत्नी अंगूरी देवी ने कन्यादान किया। तेवरी में श्रीराम बारात निकाली गई।

## योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा कर निगमायुक्त नें दिए निर्देश

# पारदर्शिता के साथ ननि संचालित योजनाओं एवं कार्यो का हो क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम के माध्यम से संचालित शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं सहित विभिन्न विकास कार्यों एवं कार्यक्रमों का निर्धारित समय-सीमा में क्रियान्वयन हो सके इस हेतु विभागीय अधिकारी विजन तैयार कर कार्यवाही कर प्रति सप्ताह प्रगति से अवगत कराना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार आईएएस ने सोमवार को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। निगमायुक्त सुश्री परिहार नें निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के बिंदुओं की जानकारी से पूर्व से ही अवगत कराना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, आदेश जैन, सहित सभी उपयंत्रियों एवं विभागीय अधिकारियों व लिपिकों की उपस्थिति रही।



बैठक के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार नें नगर के माध्यम से शासन की संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यों के संचालन एवं क्रियान्वयन के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए प्रकरणों को अनावश्यक लंबित नहीं रखनें की हिदायत दी। बैठक के दौरान निगमायुक्त नें यह भी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं के संपादन के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

निगमायुक्त द्वारा वर्तमान पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों में की जा रही सफाई व्यवस्था की जानकारी ली जाकर व्यवस्था को दुरूस्त रखनें हेतु आवारा मवेशियों के सार्वजनिक मार्गा में नियंत्रण पर लगाम लगानें हेतु कार्ययोजना के तहत आवारा मवेशियों को पकडनें के कार्य में गति लाते हुए जुर्माना एवं वैधानिक कार्यवाही करनें के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इस दौरान 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित हो रहीं गतिविधियों की जानकारी ली जाकर रोजाना व्यापक स्तर पर गतिविधियों का आयोजन करनें तथा इसका प्रचार -प्रसार करानें के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी एवं नोड़ल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन को दिए।

### ई-ऑफिस प्रणाली हेतु शीघ्र करें कार्यवाही

बैठक के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार ने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु निगम प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए शेष कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण करते हुए ई-ऑफिस प्रारंभ करने के निर्देश दिए उन्होंने इस संबंध में सभी विभागों को अविलंब जानकारी भेजे जाने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार ने राजस्व विभाग,योजना शाखा, एनयूएलएम, विद्युत शाखा, वाहन शाखा, भवन अनुज्ञा, कॉलोनी सेल, विधि शाखा, उद्यान शाखा, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस आदि विभिन्न शाखाओं के द्वारा संपादित किये जा रहे विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की जाकर कार्यों का लक्ष्य निर्धारित करते तत्परता व ईमानदारी के साथ संपादित करने के निर्देश दिए।



# रामलीला में कुंवर कलेवा का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गोलबाजार में चल रहे रामलीला में राम विवाह के पश्चात 'कुंवर कलेवा' का मंचन किया गया। जब जनकपुर में राम-सीता के विवाह के पश्चात अयोध्या से आए भाइयों का स्वागत-सत्कार किया गया और ससुराल पक्ष द्वारा परंपरागत कुंवर कलेवा की रस्म निभाई गई। कुंवर कलेवा में राजा जनक द्वारा चारों राजकुमारों श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न को यथोचित स्नेह, श्रद्धा और आतिथ्य से भोजन कराना, मिथिला की भावनात्मक परंपराओं और परिवारिक मूल्यों को प्रस्तुत करता है। मंच पर जब जनक और माता सुनैना ने राम सहित सभी दामादों के चरण धोकर उन्हें भोजन परोसा तो पूरा वातावरण भक्ति और करुणा से भर गया।

इस प्रसंग में शारदा रामलीला मंडल महंत धर्मराज पाठक के निर्देशन में कलाकारों ने अपने भावों और संवादों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अब चारों दामाद हमारे हैं, इन्हें पुत्रवत मानकर सेवा करेंगे जैसे संवादों पर दर्शक भावविभोर हो गए। कुंवर कलेवा प्रसंग हमारी संस्कृति में पारिवारिक प्रेम और ससुराल पक्ष के मान-सम्मान की झलक प्रस्तुत करता है। इस दृश्य को युवा पीढ़ी के सामने रखना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में समारोह आज

**दमोह।** संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर "शक्ति पर्व" का आयोजन 23 सितंबर, 2025 को सायं 6.30 बजे से जिले के दो स्थानों पर किया जा रहा है। 23 सितंबर को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान, तेंदूखेड़ा में माता की आराधना के पर्व में संगीतमय प्रस्तुति संयोजित की जाएगी, जहाँ जबलपुर की शहनाज अख्तर एवं ग्रुप भक्ति गायन के माध्यम से माता की आराधना में डूबे श्रोताओं को भक्ति रस की धारा में भिगो देंगे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतू आवेदन की अंतिम तिथि आज

**दमोह।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा (कक्षा 11वी) 2026 के ऑनलाइन फार्म की आवेदन प्रक्रिया आरम्भ हो गयी है। उक्त चयन परीक्षा में आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है। विद्यालय के प्राचार्य ए.के. त्रिपाठी ने सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों और खंड शिक्षा अधिकारियों से आग्रह किया है कि कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अधिक से अधिक आवेदन फार्म भरवाए जाएं। उन्होने बताया कि लिंक https://chseitms nic.in/2025/mvsau 11 के माध्यम से फार्म भरे जा सकते हैं। प्राचार्य ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

### 05 अक्टूबर को ट्रेन दमोह से वैष्णोदेवी होगी रवाना

**दमोह।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनान्तर्गत 05 अक्टूबर 2025 को ट्रेन दमोह से वैष्णोदेवी की तीर्थयात्रा पर जाना प्रस्तावित हैं। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कहा ऐसे आवेदक (म.प्र. के वरिष्ठजन जिनकी आयु 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति, महिलाओं के मामले में 02 वर्ष की छूट, जो आयकर दाता नहीं हैं) जिन्हें वैष्णोदेवी की तीर्थ यात्रा के लिए जाना हैं, आवेदक अपने आवेदन पत्र अपने निकटतम स्थानीय निकाय (नगर पालिका/नगर परिषद/जनपद कार्यालय) में आज 23 सितम्बर तक आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा कर सकते हैं। उन्होंने यात्रियों से आग्रह करते हुए कहा मौसम के अनुरूप वस्त्र, ऊनी वस्त्र, व्यक्तिगत उपयोग सामग्री यथा कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, आवश्यक दवाईयां, दाढी बनाने का सामान, आदि साथ में रखें।

### स्टेट बैंक देवेंद्र नगर परिसर में शाखा प्रबंधक और स्टाफ द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**देवेंद्रनगर** - भारतीय स्टेट बैंक देवेंद्र नगर परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक सत्येंद्र कुमार चैबे के नेतृत्व में स्टेट बैंक परिसर मैं कर्मचारियों ने पौधे रोपे। लोगों को वृक्षारोपण के महत्व के साथ साथ शाखा प्रबंधक ने प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएमजेवाई एवं अन्य श्योजनाओं की जानकारी भी मौजूद आमजन को दी। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर सत्येंद्र चैबे, राहुल त्रिपाठी, शशांक, हिमांशु पांडे अलख अग्रवाल आदि सहित आम नागरिक मौजूद रहे।

### विशेष अभियान आगामी 5 अक्टूबर तक

**दमोह।** परिवहन आयुक्त द्वारा 05 अक्टूबर 2025 तक संपूर्ण मध्यप्रदेश में परिवहन से संबंधित नियमों के पालन हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा आज जिले में वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान बीमा, फिटनेस, PUC, VLTD, SLD, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड किट एवं रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप से संबंधित नियमों का पालन सुनिश्चित किया गया। आवश्यक दस्तावेज़ और सुरक्षा उपकरण अनुपलब्ध पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 22 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। परिवहन अधिकारी ने कहा मोटर-यान अधिनियमो से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह विशेष अभियान आगामी 5 अक्टूबर 2025 तक प्रदेशभर में निरंतर जारी रहेगा।

नवरात्र के प्रारंभ होते ही माँ के द्वारे लगी भक्तो की कतारें

# देवी माँ को जल अर्पण करने पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा



सोमवार से शारदीय नवरात्र के प्रारंभ होते ही नगर का माहौल भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुजन प्रातः 4 बजे से ही नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में पहुंचकर देवी माँ को जल अर्पण कर रहे हैं। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी भक्त जय माता दी के जयकारों के साथ नगर के प्रमुख मंदिरों ब खेरमाता, पुरानी खेरमाता, मां शारदा मंदिर, पंचवटी मंदिर होते हुए महाकाली मंदिर तक पहुंच रहे हैं, जहां वे देवी माँ की आराधना में लीन हैं। नगर का वातावरण इन दिनों पूरी तरह धार्मिक आस्था से सराबोर है। साथ ही विभिन्न देवी पंडालों में भी साज-सज्जा और मूर्ति स्थापना का क्रम जारी है। नगर एवं क्षेत्र के अधिकांश स्थानों पर सोमवार को प्रतिमा स्थापना की गई, जबकि कुछ स्थलों पर पंचमी तिथि को प्रतिष्ठा की जाएगी।नगर परिषद द्वारा नवरात्रि के मद्देनज़र मुख्य मार्गों की सफाई, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियाँ सुचारु रूप से की जा रही हैं, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। धार्मिक महत्व-- प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित बलराम शास्त्री 'छुल्ला वालों' ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि को शुभ कलश स्थापना की गई। नवरात्रि में नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना की जाती है।प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जो हिमालयराज की पुत्री मानी जाती हैं। उनकी आराधना से साधक को धैर्य, शक्ति एवं मनोबल प्राप्त होता है। नवरात्रि के दिनों में माँ दुर्गा की उपासना से मनोकामनाओं की पूर्ति एवं सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# 50 गाँवों तक पहुंचीं माँ दुर्गा की प्रतिमाएँ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेजगढ



नवरात्रि पर्व की आस्था और उल्लास पूरे क्षेत्र में छाया हुआ है। सोमवार को तेजगढ़ कस्बा देवी माँ की भक्ति में सराबोर दिखाई दिया। यहाँ से करीब 50 गाँवों के श्रद्धालु अपनी-अपनी देवी प्रतिमाएँ लेने पहुंचे, जिसके चलते पूरे नगर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, पिकअप और अन्य साधनों से तेजगढ़ पहुँचने लगे। जगह-जगह श्रद्धालु माँ दुर्गा के जयकारों, भजन-कीर्तन और ढोल-ढमाकों के साथ नाचते-गाते नजर आए। महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए पारंपरिक तरीके से प्रतिमाओं का स्वागत किया और फिर उन्हें विधिवत पूजन के बाद गाँवों की ओर ले जाया गया। प्रतिमाओं को ले जाते समय रास्तों में जगह-जगह ग्रामीणों ने कलश स्थापना, नारियल चढ़ाकर और आरती उतारकर माँ की अगवानी की। छोटे-छोटे बच्चों ने भी माता के झांकी वाहन को सजाने में बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीणों ने बताया कि दशकों से यह परंपरा रही है कि नवरात्रि की शुरुआत में गाँवों की प्रतिमाएँ तेजगढ़ से ही ले जाई जाती हैं। इससे पूरे क्षेत्र में एकता और सांस्कृतिक भाईचारे का संदेश फैलता है। नवरात्र का यह शुभ अवसर केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं, बल्कि सामूहिक मिलन और सामाजिक उत्सव का भी प्रतीक बन चुका है। दिनभर चली इस प्रक्रिया के चलते तेजगढ़ नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा और देर शाम तक प्रतिमाएँ विभिन्न गाँवों तक पहुँचती रहीं।

शांति समिति की बैठक संपन्न....

# असामाजिक तत्वों पर की जाएगी कड़ी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

स्थानीय पुलिस थाना परिसर में दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जन प्रतिनिधि, समाजसेवी, विभिन्न पूजा समितियां के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैठक मे बिजली,पानी,साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बिस्तर से चर्चा की गई। कार्यक्रम में दशहरा पर्व 01 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार को मनाया जाएगा। एवं समस्त देवी प्रतिमाएं दिन में दोपहर 01 बजे से निकालने का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया है। बैठक के दौरान एसडीओपी सुश्री प्रिया सिंधी ने कहा कि यह पर्व आस्था, परंपरा से जुड़ा हुआ है । जिसे सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से हर स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। साथ ही पूजा समितियां से आग्रह किया कि वह भी नियमों का पालन करें । और प्रशासन को समय-समय पर सहयोग देते रहें। एमपीईबी के जे०ई० प्रदीप सिंह परिहार ने दुर्गा पण्डालों के प्रमुखों से अपील की है कि सभी अपने-अपने पण्डालो में अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली सुविधा का उपयोग करें। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए पण्डालो के पाइपों में लाइट के तारों में कट न लगाये। जिस की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने कहा कि दुर्गा उत्सव पर्व के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि अफवाहें फैलाने व शांति भंग करने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।साथ ही चल समारोह के दौरान शराब पीकर उत्पात करने वालो पर भी कड़ी कार्यवाही होगी। पर्व के दौरान अवैध शराब का क्रय-विक्रय करने वालों की धड़-पकड़ जारी रहेगी। उन्होंने सभी पूजा समितियां से अपील की है कि वह सरकारी दिशा निर्देशों का पालन करें। विशेष कर जुलूस और पंडाल निर्माण में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें। साथ ही किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके अलावा ड्रोन कैमरा से पर्व के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी।

उक्त अवसर पर नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, ए०एस०आई० जागेश्वर साहू, सुधांशु चौबे, जामा मस्जिद कमेटी के सदर नवाब खान, तैय्यूब अली, रामेश्वर चौधरी, देवेंद्र ठाकुर, एड- सूरज ताम्रकार, हल्कू ठाकुर,सुजात खान,किशोरी लाल चौरसिया, अल्ताफ खान, बबलू साहू, रहीस खान, हीरा लाल, बीरेन्द्र दुबे, संदीप बौध्द, गणेश ठाकुर, एड-शरद प्यासी, एड- संजय अग्रवाल, शान खान, भानु अहिरवाल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## मैहर दर्शन के लिये भक्त पैदल रवाना



**फतेहपुर।** बटियागढ़ ब्लॉक के अजब धाम फतेहपुर की पावन धरा से इस वर्ष नवरात्रि के पावन पुनीत पर्व पर मां के भक्त मैहर दर्शन के लिए पैदल रवाना हुए। इस अवसर पर पंडित नीरज तिवारी ने साल श्री फल भेंट किया। पैदल यात्रियों में सुभाष दुबे, आनंद तिवारी, राजेश कुर्मी, दीपक नामदेव, भैयन पटेल, मुकेश राय, जितेंद्र कुर्मी, नीतेश रजक, जितेंद्र कुर्मी, विनय चौरसिया, नंदू गुप्ता आदि शामिल है।

## वोकल फॉर लोकल अभियान का आयोजन

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल नगर मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत लोकल फॉर वोकल अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नागरिकों को मिट्टी और बांस से बने स्थानीय उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित किया गया। मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य न केवल सेवा करना है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में स्थानीय उत्पादों की भूमिका को भी सशक्त बनाना है। हमारा उद्देश्य है कि आमजन मिट्टी और बांस से बने उत्पादों को अपनाकर हमारे कारीगरों को आर्थिक रूप से मजबूत करें। ये उत्पाद न केवल पर्यावरण अनुकूल हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक भी हैं। इस आयोजन में मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, महामंत्री अरुण सोनी, महेंद्र अहिरवार, करन सूर्यवंशी, लोकल फॉर वोकल प्रभारी राहुल ताम्रकार, सह प्रभारी अशोक कंचन, अखिलेश सिंह, सुशील राज, मुकेश नामदेव, चंकी कछवाह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएमयूएम शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह के जिला अध्यक्ष पवन खरे ने बताया कि कलेक्टर महोदय जी को निम्न मांगों के सम्बद्ध में ज्ञापन सौंपा। जिसमे 1 जुलाई 2013 में नियुक्त हुए शिक्षकों के 12 वर्ष की अवधि सफलता पूर्वक पूर्ण करली है अतः संबधित शिक्षकों के क्रमोन्नति के आदेश जारी करवाने के सम्बद्ध में। नव नव नियुक्त शिक्षकों ने 3 वर्ष की परिवीक्षा अवधि सफलता पूर्वक पूर्ण करली है परिवीक्षा अवधि समाप्ति के आदेश जारी करवाकर पूर्ण वेतन भुगतान कराने हेतु। जिन शिक्षकों के क्रमोन्नति के आदेश जारी हो गए है संबधित शिक्षकों को क्रमोन्नति लगवाकर वेतन भुगतान करवाने हेतु। कुछ शिक्षकों की सातवें वेतन मान की चौथीएवं पांचवी किस्त बकायां है संबधित शिक्षकों को उक्त राशि का भुगतान कराने हेतु आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## आज राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस पर बच्चों खिलाइ़र जायेगी एल्बेण्डाजॉल की गोली

**दमोह।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठया ने बताया कि एनीमिया से बचाव एवं बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाये रखने के लिए 23 सितम्बर राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस पर जिले के सभी शालाओं एवं आंगनवाडी केन्द्रों में कृमिनाशन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से 1 से 19 वर्ष के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को पेट में कीडों (कृमि) से बचाव हेतु मीठी चबाने वाली गोली कृमिनाशन गोली एल्बेण्डाजॉल निःशुल्क खिलाई जायेगी। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली एवं 2 से 19 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली पानी के साथ खिलाई जायेगी। कृमिमुक्ति की यह दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। ध्यान रखें एल्बेण्डाजॉल की गोली खाली पेट न खायें। डॉ. अठया ने अभिभावकों से आग्रह किया है, वे अपने बच्चों को शाला/आंगनवाडी अवश्य भेजें और कृमिनाशन अभियान का लाभ दिलवाएँ। डॉ. अठया ने यह भी बताया कि जिन बच्चों के पेट में बहुत अधिक कीडे होते है। गोली खाने के बाद वे मरने लगते है। मरते समय कीडे हिलते-डुलते है। एक साथ बहुत सारे कीडे नष्ट होने से अस्थाई पेट दर्द, जलन या उल्टी हो सकती है। यह लक्षण कृमि संक्रमण की पुष्टि करते हैं और यह भी दर्शाता है कि बच्चे का कृमिनाशन प्रभावी रूप से हो रहा है। बच्चा पूरी तरह सुरक्षित रहता है। कृमिनाशन से बच्चों को एनिमिया से बचाव, पोषण स्तर में सुधार तथा शारीरिक वृद्धि एवं मानसिक विकास में लाभ मिलेगा।

# युवा भक्त शारदा माता के दर्शनों के लिए मैहर पैदल हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आदिशक्ति की भक्ति आराधना हेतु नगर के दर्जनों युवा विगत 15 वर्षों से लगातार नवरात्रि के शुभारंभ पर 165 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर मां शारदा देवी के दर्शन करने जाते हैं इसी क्रम में नवरात्रि शुभारंभ पर शारदा माता के दर्शन करने के संकल्प को लेकर प्रति वर्ष की भांति नवरात्रि के प्रथम दिवस सोमवार की सुबह ध्वज पताका लेकर रवाना हुए। नगर के दर्जनों माता के भक्तों ने प्रातः काल 6 बजे नगर में विराजमान शीतला माता मंदिर एवं मां चंडी जी मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन कर हाथों में ध्वज पताका लेकर जय माता दी के उद्घोषों के साथ पैदल रवाना हुए। जो पटेरा होते हुए कुम्हारी होते हुए मुहांस कटनी होते हुए तीन दिन में मां शारदा देवी के दरबार में पहुंचकर दर्शन कर नगर व क्षेत्र में खुशहाली सुख समृद्धि की कामना का आशीर्वाद लेते हुए पंचमी को उपकाशी वापस होंगे। यात्रा के दौरान नंदू गुप्ता विनय चौरसिया ने बताया कि हम लोग विगत 15 वर्षों से लगातार नवरात्रि पर्व पर माता शारदा देवी के दर्शन करने मेहर पैदल यात्रा करते आ रहे है और आगे भी माता की कृपा से पैदल जाने का सिलसिला जारी रखेंगे। मैहर पैदल जाने वालों में सचिन सोनी, राजू कुर्मी, नीतेश कुर्मी, दीपक नामदेव, विनय चौरसिया, रोहित नेमा, मुकेश राय, आनंद तिवारी, नंदू गुप्ता, सहित अन्य भक्त शामिल रहे।

# फतेहपुर चौकी में शांति समिति की बैठक आयोजित



**मगरोन।** मगरोंन थाना क्षेत्र के अंतरगत आने वाली चौकी फतेहपुर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह द्वारा सभी ग्रामीणों को बुलाया गया। सभी को नवरात्र दशहरा दीपावाली जैसे बड़े त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा की कानून व्यवस्था बनाए रखें। इस दौरान चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह, पूर्व सरपंच देवेंद चौधरी, शकील खान, नीरज तिवारी, लल्लू यादव, छोटू कोतवाल, मंगल सिंह, लाइनमैन सुंदर अहिरवार, नन्हे भाई पटेल, आमीन खान, आरक्षक रामकिशोर अहिरवाल, रविंद्र कोटवाल आदि सभी की उपस्थिति मौजूद रही।

# अग्रसेन जयंती पर निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

अग्रवाल समाज के पित्र पुरुष अग्र शिरोमणि महाराज अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा सोमवार की शाम हर्षोल्लास से ढोल नगाड़े के साथ नगर के रामगोपाल जी वार्ड में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का प्रारंभ 4 बजे अग्रवाल धर्मशाला से समाज अध्यक्ष उमेश चंद बजाज एवं पंच गणों द्वारा आरती पूजन कर किया गया। शोभायात्रा रतन बजरिया, लक्ष्मीनारायण मन्दिर से बड़कुल जैन मंदिर रतन बजरिया मल्लू माता के सामने से होकर पुनः अग्रवाल धर्मशाला में शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान अग्रवाल समाज के लोगों द्वारा जगह-जगह महाराज अग्रसेन का आरती पूजन किया इसी के साथ समाज अध्यक्ष द्वारा अपने आवास पर शोभायात्रा में सम्मिलित सभी स्वजातीय बंधुओं को स्वागत सम्मान किया गया। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन का भव्य अलौकिक रथ में विराजमान किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में युवाओं द्वारा महाराज अग्रसेन के जयकारे लगाते हुए ढोल नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए शोभा यात्रा में शोभायमान हो रहे थे। कार्यक्रम का समापन अग्रवाल धर्मशाला में प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस दौरान समाज के महिला पुरुषों बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## स्किल सेल एनीमिया के लिये जागरूकता रैली का आयोजन




**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी .पी .चौधरी जी के निर्देशन में सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान एवं स्किल सेल एनीमिया जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय के द्वारा आयोजित किया गया।सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान में डॉ. उमेश दीपंकर के द्वारा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान दिया गया जिसमें उन्होंने दहेज प्रथा के बारे में समस्त छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. राजू प्रसाद अहिरवार एवं सह संयोजक डॉ. आराधना श्रीवास रही। अंत में आभार डॉ. प्रिया थापा के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन .पी . नायक, डॉ. रेखा जैन ,डॉ अरुणा एम जैन, डॉ. अवधेश जैन, डॉ. डी.के. नेमा, डॉ.मालती नायक, डॉ. अनुभा तिवारी, डॉ. कल्याणी राय, समस्त प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं महाविद्यालय की अधिक से अधिक छात्राऐं सम्मिलित रही।

## विहिप बजरंग दल पथरिया प्रखंड के खंड सदगुवा में बैठक संपन्न



**दमोह।** संगठन पद्धति से विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री शम्भु विश्वकर्मा द्वारा बैठक प्रारंभ कराई गई संगठन विस्तार हेतु नवीन समिति का गठन किया गया संगठन के कार्यों की जानकारी दी गई । बैठक में विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष राम मिश्रा द्वारा गौ सेवा, गौ हत्या लव जिहाद, धर्मपरिवर्तन पर जानकारी दी गई संगठन सेवा सुरक्षा संस्कार सामाजिक समरसता पर कार्य करना हमारे मूल कार्य है । जिला मंत्री द्वारा नवीन समिति की घोषणा की गई जिसमें अध्यक्ष अभय पटेल, मंत्री आनंद पटेल, संयोजक अनुराग को बनाया गया। बैठक में ऋषिराज सिंह परिहार, राहुल सेन, प्रखंड पदाधिकारी साथ रहे इनके साथ सुनील पटेल, आकाश पटेल, दीपक प्रजापति, उपेश पटेल, कौशल पटेल, शैलेन्द्र सेन, कुनाल ठाकुर, टीकाराम को दायित्व सौंपे गए। सदस्य में निखिल, देवेंद्र, अभय, गौरव, शुभम, सुरेन्द्र पटेल, मिथलेश ठाकुर, विकास पटेल, सिद्धार्थ अहिरवार, रोहित कुशवाहा, नीलेश पटेल, संदीप रजक, शुभ पटेल, श्रीकांत पटेल, अरुण सेन, दयाशंकर पटेल, पप्पू अहिरवार , कुनाल, अभय, मोहित, आकाश, संतोष, शुभम सेन, प्रिंस अध्या के साथ अधिक संख्या में कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थिति रही ।

कम दाम पर फसल कटाई का ठेका लेने से रात में हुआ था विवाद

# छोटे भाई ने बड़े भाई की गोली मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहपुर/हटा



अनुविभाग के मंदिरों थाना के फतेहपुर चौकी क्षेत्र के खमरिया गांव में एक ही परिवार के संगे भाइयों में फसल कटाई को लेकर विवाद हो गया जिससे नाराज छोटे भाई ने अपने बड़े भाई को सोमवार सुबह लाइसेंसी बंदूक से सीने में गोली मार दी जिससे बड़े भाई बिहारी पटेल 50 गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उसका बेटा प्रकाश पटेल हटा अस्पताल लेकर पहुंचा जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी को परिवार के लोगों ने तत्काल ही पकड़ लिया। उससे बंदूक भी छीन ली और उसे कमरे में बंद कर दिया। सूचना मिलने पर कुछ देर बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी को पुलिस के हवाले किया गया। घटना के संबंध में एसडीओपी प्रिया सिंधी ने बताया कि मृतक बिहारी पटेल ने गांव के सुख सिंह नाम के व्यक्ति की उड़द फसल की कटाई का ठेका कम दाम पर ले लिया था इसी बात से दोनों भाइयों के बीच रविवार रात गाली गलौज करने पर जमकर विवाद हुआ और रात में ही मामला शांत हो गया, लेकिन सुबह छोटे भाई आरोपी वीरन ने फसल कटाई करने जा रहे अपने बड़े भाई बिहारी पटेल को रास्ते में गोली मार दी। मृतक के बेटे प्रकाश पटेल ने अपने चाचा पर आरोप लगाया है। मृतक बिहारी पटेल और उसका भाई छोटा भाई आरोपी वीरन उर्फ रघुवीर पटेल खेतिहर मजदूर हैं। मृतक की बहू वर्षा पटेल ने बताया कि आरोपी सुबह उनके घर बंदूक लेकर आया था। उन लोगों ने कहा कि यदि वह उन्हें मारना चाहते तो मार दे, तो आरोपी ने कहा कि तुम लोगों को नहीं मारना। वह वापस चला गया। मेरे ससुर जब खेत जा रहे थे तो आरोपी ने वहां रास्ते में गोली मार दी। इसके बाद मेरे परिवार के लोगों ने आरोपी को पकड़ा, उसकी बंदूक छीनी और उसे कमरे में बंद कर दिया। बाद में जब पुलिस पहुंची, पुलिस ने आरोपी को अपनी हिरासत में लेकर आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## जब छात्रों की संख्या मात्र सात, फिर अतिथि शिक्षक की नियुक्ति क्यों?

### जनपद शिक्षा केंद्र के निर्देशों पर उठे सवाल

**तेंदूखेड़ा।** जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला दूल्हेरा में कक्षा 1 से 5 तक कुल सिर्फ 7 छात्र दर्ज हैं। इसके बावजूद विद्यालय में एक अतिथि शिक्षक की नियुक्ति की गई, जिससे शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई अहम सवाल उठने लगे हैं। बीआरसीसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, उक्त अतिथि शिक्षक को तीन दिन दूल्हेरा, तीन दिन बंधना, में सेवाएं देने के लिए निर्देशित किया गया है। यह कार्य प्रणाली न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि शिक्षा व्यवस्था में संसाधनों का नियोजन कितनी सजगता से किया जा रहा है।जब विद्यालय में छात्रों की संख्या इतनी कम है कि एक स्थायी शिक्षक ही पर्याप्त होता, तब अतिथि शिक्षक की नियुक्ति क्यों की गई?क्या यह नियुक्ति केवल औपचारिकता निभाने के लिए की गई क्या इससे सरकारी संसाधनों का अनुचित उपयोग नहीं हो रहा?क्या नियुक्ति से पहले विद्यालय की छात्र संख्या और वास्तविक जरूरत का आंकलन किया गया था?इस संबंध में लोगों का कहना है कि शिक्षा का अधिकार सभी का है, लेकिन जब सिस्टम स्वयं सवालों के घेरे में आ जाए, तो जवाबदेही तय करना आवश्यक हो जाता है। इनका कहना-- इस संबंध में एसडीएम सौरभ गंधर्व का कहना है कि मैं बीआरसीसी से इस संबंध में जानकारी लेता हूं। इस संबंध में बीआरसी पीएल अहिरवार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आप संकुल प्राचार्य से बात कर लें।

## शव मिलने से सनसनी



**दमोह।** शहर के मोरगंज स्टेशन मार्ग पर गुरुद्वारा के आगे व बुधवानी अस्पताल के पीछे गली में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने से सनसनी के हालात बनते देर नही लगी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्यवाही शुरू की गई। मृतक के कपड़ो की तलाशी लिए जाने पर उसकी पहचान रोशन पिता रईस खान लिधौरा खुर्द परसोरिया जिला सागर निवासी के तौर पर हुई है। उसके पास से ट्रेन की टिकट भी मिलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि वह किसी कार्य से दमोह आया होगा। फिलहाल उसकी मौत के कारणों का पता नहीं लग सका है। पुलिस की सूचना पर परिजन भी दमोह आ गए है जिम से पुलिस द्वारा जानकारी ली जा रही है। मामले में सीएसपी एचआर पांडे का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

## 2 अक्टूबर से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

**दमोह।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश से जिले में 2 अक्टूबर से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान प्रारंभ किया जाएगा, इस अभियान के तहत गाँव-गाँव जाकर पशुपालकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जाएगा और उन्हे पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में जागरूक किया जाएगा। उन्होने बताया कि अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा, इसकी शुरूआत ग्राम सभाओं से होगी जो कि 02 अक्टूबर से 09 अक्टूबर 2025 संचालित अभियान के प्रथम चरण में 10 या उससे अधिक गौ-भैंस रखने वाले पशुपालकों से व्यक्तिगत संपर्क किया जाएगा। द्वितीय चरण में 5 या अधिक गौ/भैंस रखने वाले पशुपालकों एवं तीसरे चरण में 2 से 5 गौ/भैंस रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा।

## ब्रह्मचारिणी दुर्गा की अभिव्यक्ति ही साक्षात दुर्गा सप्तशती : श्री भगवान वेदांताचार्य

**दमोह।** शब्द ब्रह्म के रूप से परिचित स्वरूप ही ब्रह्मचारिणी है जिसमें शब्द ब्रह्म का नाद समाहित है ऐसा इसलिए कि मां का यह द्वितीय रूप आकाश के गुण को प्रदर्शित करता है। यह सिद्धांत श्वास प्रश्वास में समाहित विचारों की परिपक्व अवस्था में प्रयत्नशील भाषा विज्ञान के उत्पन्न होने का कारण बनी ब्रह्म के सृष्टि कर्ता होने में जो गौरव है। बही ब्रह्मचारिणी का उसे



शाब्दिक संरचना के लिए योगदान माना जाता है वैदिक सनातन धर्म जिन गुप्त रहस्यों के कारण नौ रूपों के महत्व को दर्शाता है। वह वैज्ञानिक दृष्टि से ओझल हो चुका है इसके लिए परम आवश्यक है दार्शनिक पृष्ठभूमि पर अपने पर्व को समझने के लिए साधन और साधना का सदुपयोग करना जिसके लिए हमें यह 9 दिन प्राप्त होते हैं । द्वितीय दिवस में हमें सरसता की आवश्यकता होगी जो मां ब्रह्मचारिणी के दुलार में समाहित है इसलिए एक तपिश्वनी सा जीवन जी कर वे प्रत्येक संतान को अपने आंगन में तप करने की अनुमति देती है जिससे युवाओं की शक्ति चेतना में परिश्रम समाहित हो सके। समाजिक कार्यों के निष्पादन में वह किसी पर आश्रित न रहे अर्थात बेरोजगार न रहे। जिसने मां ब्रह्मचारिणी के यह सूक्ष्म संदेश को जीवन में उतार लिया मानो वह धन्य हो गया जीवन की सफलता प्राप्त करने में ऐसा कथन महंतश्री श्रीभगवान वेदांताचार्य जी का है जो कि साधु समाज के राष्ट्रीय सचिव है। आगे अपनी आध्यात्मिक विवेचना में श्री भगवान जी कहते है कि ब्रह्मचर्य एक अनूठा बिल पावर है। आत्मविश्वास है जो दृढ़ता से हमारे जीवन में संकल्प की सिद्धि के लिए सहायक होता है जिसके लिए साधकों को दुर्गा सप्तशती का पाठ करना चाहिए जिससे दुर्गुणों का आभाव हो और जीवन में सद्गुणों की संपन्नता नित नई उपलब्धियों को पाने में आप की सहायक हो सके।

# जिनवाणी पालकी जी की भव्य शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/झलौन





सभी जीवों के कल्याण का पथ प्रशस्त करते हुए महान अध्यात्म धर्म प्रणेता क्रांतिकारी संत प्रातः स्मरणीय पूज्य आचार्य श्रीमद् जिन तारण तरण मंण्डलाचार्य जी महाराज की वाणी को जन जन तक पहुंचा रहे इतिहास रत्नाकर अध्यात्म रत्न बाल ब्रह्मचारी संत श्री बसंत जी महाराज के मंगलमय बर्षावास का तेंदूखेड़ा नगर में पहली बार सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सभी जीवों ने ज्ञानगंगा में अवगाहन कर अपने जीवन की धन्यता का अनुभव किया,आवाल वृद्ध धर्म आराधना से आनंदित हुए। नगर के गौरव ब्रह्मचारी श्री प्रज्ञानंद जी एवं बाल ब्रह्मचारिणी अंजना दीदी से भी पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व सुशोभित हुआ। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर प्रभावना पूर्ण ज्ञानामृत बरसाते हुए अपने वर्षावास समापन कर अनेक साधक संघ के समस्त साधक जन , खुर्शी से बाल ब्रह्मचारी श्री प्रज्ञानंद जी पिपरिया से ब्रह्मचारी श्री दिव्यानंद जी देवनगर से बाल ब्रह्मचारी समय श्री जी हरपालपुर से बाल ब्रह्मचारी विन्द श्री जी अमरवाड़ा से ब्रह्मचारी पंडित सुनील जी बाल ब्रह्मचारी राजेश जी ब्रह्मचारी पंडित श्री बाबूलाल जी बाल ब्रह्मचारिणी सरिता जी बाल ब्रह्मचारिणी अर्चना जी बाल ब्रह्मचारिणी अनीता जी ब्रह्मचारिणी विमला जी पिपरिया। विद्वतजनों की श्रृंखला में पंडित राजेंद्र कुमार जी अमरपाटन पंडित राजेंद्र कुमार जी शिरपुर पंडित महेश कुमार जी बटियागढ़ पंडित मुकेश कुमार जी राजनगर पंडित धन्य कुमार जी गुरैया पंडित निर्मल जी फुटेरा पंडित महेंद्र कुमार जी पंडित अजय कुमार जी चोपड़ा। समारोह प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी पंडित नीलेश कुमार जी सोहागपुर पंडित विजय मोही जी पिपरिया पंडित जयकुमार जी पटेरा।अभूतपूर्व प्रभावना और मंगलम वर्षावास समापन में भारतवर्ष से श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज के साधर्मी बंधु हुए सम्मिलित। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी जी ने श्री जिनवाणी पालकी की शोभायात्रा में पहुंचकर संतों का आशीष प्राप्त किया और शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधियों के साथ नगर एवं क्षेत्र की विशिष्ट जनों ने पहुंचकर शोभायात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।जबलपुर सतना दमोह सागर बिदिशा कटनी पन्ना छिंदवाड़ा सिवनी छतरपुर आदि जिलों के नगर एवं ग्रामों से आमंत्रित होकर पधारे समाज श्रेष्ठिजनो एवं नगर व क्षेत्र के साधर्मी जनों ने शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित किया।21सितम्बर रविवार को धर्म नगरी तेंदूखेड़ा में धर्म की हुई अद्भुत प्रभावना ।

बाल ब्रह्मचारी संत बसंत जी महाराज के वर्षावास समापन पर नगर के तारण तरण दिगंबर जैन चेत्यालय में प्रातः काल सामूहिक मंत्र जप, बृहद मंदिर विधि, प्रवचन , श्री श्रावकाचार जी ग्रंथिराज का तिलक महोत्सव, संगीतमय आरती, चंदन ,दान प्रभावना आदि-के पश्चात दोपहर 1बजे धर्मशाला से श्री जिनवाणी पालकी जी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सबसे आगे धार्मिक ध्वजा ,डीजे बेंड बाजों के साथ-साथ सभी महिलाएं एवं पुरुष धार्मिक पोशाक में तारण तरण गुरु मंडलाचार्य महाराज की जय ,जिनवाणी माता की जय, गुरु बसंत महाराज जी के जयकारो के उदघोष करते हुऐ चल रहे थे। जिसमें बालक -बालिका मंडल एवं महिला मंडल द्वारा अलग अलग एक जैसे धार्मिक वस्त्रों को पहने भक्ति भाव से नृत्य करते हुए एवं संगीतकार रूपेश जैन और पार्टी भोपाल एवं जय कुमार बैंड पार्टी जबलपुर शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। पालकी जी शोभा यात्रा नगर के प्रमुख सभी मार्गो होते हुए निकाली गई जिसमें सभी समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों के सामने रंगोली चोक सजाकर नारियल दान प्रभावना के साथ आरती बंदन करते संत बसंत महाराज जी के चरण स्पर्श किये। शोभा यात्रा समापन के पश्चात14 ग्रंथिराज जिनवाणी जी का तिलक महोत्सव हुआ इसके के पश्चात आमंत्रित अतिथियों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ।

## आकर्षक करती बगदरी की खूबसूरती



**दमोह।** तेंदूखेड़ा ब्लॉक में आने वाले बदगरी वाटरफाल इन दिनों लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हरे-भरे पेड़ पौधे, चारों तरफ फैली हरियाली और ऊंचाई से गिरता हुआ झरना लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग ऊंचाई वाले हिस्से पर पहुंचकर सेल्फी लेते हैं। यहां पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। ऐसे में हादसे की भी आशंका बनी हुई है और पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं हालांकि प्रशासन ने वाटरफाल जाने पर प्रतिबंध लगा रखा है। बावजूद इसके लोग पहुंच रहे हैं।

## वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आज वन स्टॉप सेंटर दमोह में पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम एवं




निःशुल्क विधिक सहायता विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में द्वितीय जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, अंजू सिंह भदौरिया, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर एवं महिलायें उपस्थित थी। द्वितीय जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट द्वारा उपस्थित महिलाओं को घर के अंदर होने वाली हिंसा से बचाव हेतु घरेलू हिंसा अधिनियम निर्मित किया गया है जिसमें समस्त प्रकार की हिंसा जैसे आर्थिक, शारीरिक, मानसिक सहित समस्त प्रकार की हिंसा को सम्मिलित किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार के संरक्षण आदेश पारित किये जा सकते है अतः ऐसी पीड़ति महिला संरक्षण अधिकारी के माध्यम से न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकती है। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपस्थित होने की सलाह दी गई। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता व हेल्पलाईन 15100, मीडिएशन प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं द्वारा पूंछे गये प्रश्नों का जबाव सुझाया गया।

## ढोल-नगाड़ों के साथ पंडालों में भव्यता से विराजी मां जगदंबा

### दस दिनों तक होगी मां की विशेष पूजा अर्चना



**हटा।** आदि शक्ति की उपासना कर महापर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो गया माता के भक्तों द्वारा नगर व क्षेत्र में जगह-जगह देवी मां दुर्गा के अनेक रूपों में माता जगत जननी की स्थापना सुबह से देर रात तक पंडालों में की गई इसी के साथ देवी दिवालों व पंडालों में घट स्थापना की गई। ज्योतिषी पंडितों के अनुसार मां भगवती की आराधना नौ दिन देवियों के नौ रूपों की पूजा अर्चना की जावेगी। सोमवार को सुबह से ही नगर के मुर्तिकारों के यहां समितियों के सदस्यों द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ मां के जयकारा लगाते हुए स्थापना के लिए देवी प्रतिमा को झूमते नाचते ले हुए ले जाया गया। वहीं नगर में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा पंडालों को आकर्षक साज सजा कर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना कर नौ दिनों तक भक्ति की ज्योत जलेगी। मां चंडी जी मंदिर, शीतला माता, पीताम्बरा पीठ, कलेही माता मंदिर में सुबह से ही जल चढ़ाने वालों की भीड़ लगने लगी।

# गांव को कोर एरिया में शामिल करने से बिजली पानी के साथ रास्ते भी कर दिए बंद

### तेंदूखेड़ा के सर्रा गांव की कहानी -25 गांव के मुखियों ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



यह कहानी है दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक के सर्रा गांव की जो रानी दुगार्वती टाइगर रिजर्व एरिया से घिरे इस ग्राम पंचायत के 8 गांव में 15 हजार से ज्यादा आदिवासी सहित अन्य जातियों के लोग निवास करते हैं। सन 2023 में अचानक वन विभाग ने नोटिफिकेशन जारी करके सर्रा के लिए बफर जोन से कोर एरिया में शामिल कर दिया। फिर क्या था इन गांवों में राशन, बिजली, पानी, यहां तक आवागमन की सुविधाओं को भी छीन लिया गया ऐसे में गांव के लोगों के सामने नया संकट खड़ा हो गया। ग्रामीण इस बात पर अड़े हुए थे कि उनका 5 गांव बफर जोन में ही रहने दिया जाए। क्योंकि यहां पहले से यह ग्राम पंचायत बफर जोन में भी शामिल है लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई आनन-फानन में वन विभाग की टीम ने रास्ते बंद कर दिए। यहां तक कि नाम पंचायत में शासन स्तर पर होने वाली गेहूं खरीदी केंद्र को भी बंद कर दिया। वाहनों के परिवहन पर रोक लगा दी। जल जीवन मिशन योजना का लाभ नहीं दिया गया। पीएम आवास योजना बंद कर दी गई। यहां तक कि अजीविका मिशन के समूह भी निरस्त कर दिए गए। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने हार नहीं मानी गांव की महिला ललिता बाई, नोने सिंह परस्ते, श्रीकांत पोर्ते और मान सिंह यादव सहित 25 गांव के मुखियों ने मिलकर नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति बनाई और नोटिफिकेशन के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर दी गलत नीतियों का गांव-गांव में प्रचार किया और लोग एकत्रित हो गए। मुखियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जिला प्रशासन को तलब किया। लेकिन प्रशासन से कोई भी अधिकारी जवाब देने नहीं पहुंचा। जिस पर ग्रामीणों ने दोबारा कंटेम्प केस लगाया। जिस पर प्रशासन को जवाब प्रस्तुत करना। इस बीच कोर्ट ने विस्थापन पर स्टे दे दिया है। मान सिंह यादव ने बताया कि इस मुहिम में सर्रा ग्राम के भैंसा, कुदपुरा, सनाई, बोरिया, सरसेला, रैयत, मादो, देवरी खेड़ा और मझगुंवा गांव को शामिल किया गया है। यह सारे गांव पहले बफर जोन में थे। बाद में कोर जोन में शामिल किए गए। अफसर पहले बोलते रहे कि बफर जोन ही रहेगा, मगर बाद में झूठ बोलकर कोर जोन में शामिल कर दिया। जिससे हमें सुविधाएं मिलना बंद हो गईं। हमें कभी भी विस्थापित किया जा सकता था लेकिन अब कोर्ट ने स्टे दिया है जब तक हमारी बात नहीं सुनी जाएगी। हमें विस्थापित नहीं किया जा सकेगा।

## अतिरिक्त में प्रभार वाली पंचायत छोड़ना नहीं चाह रहे सचिव

**पथरिया।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर विगत माह जिला पंचायत दमोह द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से जनपद पंचायत अंतर्गत सचिवों की तबादला सूची जारी की गई जिसमें जमुनिया में पदस्थ सचिव अमृतलाल जैन को ग्राम पंचायत इमलिया धोना व जमुनिया में अजय जैन को पदस्थ किया गया सचिव अमृतलाल जैन ने जमुनिया का प्रभार अजय जैन को तो सौंप दिया लेकिन ग्राम पंचायत बासाकलां में पदस्थ सचिव असगर खान को विगत वर्षो से इमलिया धोना सचिव का अतिरिक्त प्रभार सभालें थें जिससे अब सिर्फ मूल पंचायत बासाकलां बची लेकिन उनके द्वारा अभी तक महीनों बीतने के बाद भी अमृतलाल जैन को प्रभार नही दें रहें हैं। वही सचिव अमृतलाल जैन शासन के निर्देश अनुसार पंचायत जाकर काम तो देख रहे पर सचिव द्वारा जो प्रभार रिकार्ड देना चाहिए वह नहीं दें रहें ना ही वित्तीय अधिकार है ऐसे में वह अपनी उपस्थिति गृह पंचायत में दर्ज करा रहें जहां से वेतन मिल रहा है पर आखिर ऐसा क्या कारण है कि सचिव असगर खान को अतिरिक्त प्रभार वाली पंचायत से ऐसा क्या मोह है कि वह छोड़ना नहीं चाह रहे ना ही शासन के निर्देश का पालन कर शासन के आदेश को मजाक उड़ाया जा रहा है। वही जनपद पंचायत में जिम्मेदार अधिकारी भी उक्त मामले में गंभीर नहीं है जबकि उनकी जिम्मेदारी है शासन के दिशा-निर्देश का पालन कराना वही चर्चा का विषय बना हुआ है कि जनपद पंचायत के कुछ कर्मचारियों की मिली भगत है जिससे ऐसी व्यवस्था बना रहें है कि उक्त पंचायत से सचिव अमृतलाल जैन को प्रभार ना देना पड़े और जिला पंचायत से जनपद पंचायत में अटैच करने का आदेश जारी करा लें।

## 06 यूनिट रक्तदान हुआ

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार के तहत खंड स्तरीय महिला स्वास्थ्य शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में आयोजित किया गया। इस दौरान लगाये गये रक्तदान शिविर में 06 यूनिट रक्त एकत्रण किया गया। शिविर में विभिन्न आयुवर्ग की 377 महिलाओं सहित कुल 635 आमजन स्वास्थ्य सेवाओं से लाभांवित हुए। शिविर से लाभांवित हुई महिलाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न विधाओं से संबंधित विशेषज्ञ सेवायें मिलना अत्यंत उपयोगी रहा। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका छाबडा सहित जिला स्तरीय शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश राय एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ मधुर ने अपनी सेवायें दी। शिविर में पहुँची विभिन्न आयुवर्ग की महिलाओं का प्रारंभिक समग्र स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार नैदानिक जांच व पोषण आहार एवं मानसिक स्वास्थ्य केन्द्रित परामर्श सेवायें व नियमित समय अंतराल पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई।